बरेली, शनिवार
23 सितंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22

दैनिक जागरण

अंडर-19 कूच बिहार व अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी के मैच होंगे शहर में

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी बोले, तिथि की घोषणा 30 को

जासं, बरेली : भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घरेलू क्रिकेट के 10 मैचों की मेजबानी उप्र क्रिकेट एसोसिएशन को दी है। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को हुई बातचीत में बताया कि 10 मैचों में से दो मैच बरेली में होंगे, जिसमें से डर-19 कूच बिहार ट्राफी और दूसरा अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी का मैच शामिल है। इन मैचों की तिथि की घोषणा 30 सितंबर को कानपुर में प्रस्तावित यूपीसीए की वार्षिक बैठक में होगी।

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि बीते वर्ष एसआरएमएस के मैदान पर कूच बिहार ट्राफी का मैच खेला गया था। तब यूपीसीए के पदाधिकारियों ने आयोजन को सराहा था। उन्होंने भविष्य में भी बरेली को मैच देने का आश्वासन दिया था।

उन्होंने कहा कि हमारे पास बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति के सहयोग से एसआरएमएस के मैदान पर काली मिट्टी की सात पिच तैयार हैं, जोकि घरेलू क्रिकेट मैच के लिए संभावित अन्य जिलों की सबसे उपयुक्त हैं।

उन्होंने बताया कि कानपुर में होने वाली यूपीसीए की बैठक में वह रणजी मैचों के लिए भी प्रस्ताव रखेंगे।